# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

No.14/BSEH/COND. Dated .18.07.2025

**''प्रैस नोट''**

**हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024**

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024 का संचालन शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार, पंचकूला के आदेशानुसार दिनांक 26.07.2025 (शनिवार) एवं 27.07.2025 (रविवार) को संचालित करवाई जानी थी लेकिन प्रशासनिक कारणों के दृष्टिगत् अब यह परीक्षा दिनांक 30.07.2025 (बुधवार) एवं 31.07.2025 (वीरवार) को संचालित करवाई जानी है।

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024 के संचालन हेतु विद्यालय/संस्थानों के मुखियाओं द्वारा दिनांक 26.07.2025 (शनिवार) एवं 27.07.2025 (रविवार) को परीक्षा केन्द्र स्थापित करने बारे पूर्व में दी गई सहमति के आधार पर परीक्षा की अनिवार्यता के दृष्टिगत् हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा इस परीक्षा हेतु दिनांक 30.07.2025 (बुधवार) एवं 31.07.2025 (वीरवार) को परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए है।

सभी विद्यालय/संस्थान के मुखियाओं को सूचित किया जाता है कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2024 के सफल संचालन हेतु उनके विद्यालय में स्थापित परीक्षा केन्द्र को किसी भी अवस्था में बदला नहीं जाएगा। अतः दिनांक 30.07.2025 व 31.07.2025 को अपने विद्यालय/संस्थान में परीक्षा से सम्बन्धित सभी व्यवस्थाएं करना सुनिश्चित करें। जिन विद्यालय/संस्थानों में परीक्षा केन्द्र स्थापित किये गये है उन सभी विद्यालय/संस्थानो को इस कार्यालय द्वारा पत्र क्रमांक 1051/संचालन दिनांक 12.07.2025 के अन्तर्गत पहले भी सूचित किया गया है।

हस्ता/–

**सचिव**